# श्रमिकों के लिए आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु शनि-रविवार को शिविर होंगे

## समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

रतलाम ● स्वदेश समाचार 1-3-22
आयुष्मान कार्ड का लाभ अधिकाधिक पात्र श्रमिक व्यक्तियों को मिले, इस उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा इस शनिवार तथा रविवार को अलकापुरी क्षेत्र में कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में एसडीएम शहर तथा निगम आयुक्त को निर्देशित किया गया।

निर्देशानुसार अनाधिकृत कॉलोनियों में विकास कार्यों तथा नियमितीकरण की प्रक्रिया की समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को सर्वेक्षण करके सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सभी नगर पालिका अधिकारियों को आगामी गुरुवार तक सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा गया।

बैठक में जीएमडीसी मुकेश शर्मा ने बताया कि उद्यम क्रांति योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वर्तमान में 100 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। उप संचालक उद्यानिकी पी.एस. कनेल ने बताया कि एक जिला एक उत्पाद योजना में 10 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान में 27 फरवरी को 75 प्रतिशत से भी अधिक लक्ष्य पूर्ति की गई।



कलेक्टर द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में और तेजी लाई जाए। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कोई कमी नहीं रहे। सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को सक्रिय किया जाए, सभी एसडीएम को भी निर्देशित किया कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की साप्ताहिक की समीक्षा करें। बताया गया कि जावरा तथा पिपलोदा क्षेत्रों में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति बेहतर नहीं है।

जिले में गेहूं उपार्जन की समीक्षा में जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी ने बताया कि अब तक 19742 किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर ने जिला उपार्जन समिति की बैठक बुधवार को आयोजित करने के निर्देश दिए। बताया गया कि जिले में गेहूं खरीदी के लिए 65 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इस बार भी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह खरीदी का कार्य करेंगे। उपार्जन प्रक्रिया दोषरहित रहे, इस संबंध में कलेक्टर द्वारा जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य विभाग के उपस्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण हेतु जिले में भूमि आवंटन कार्य जारी है। समीक्षा में बताया गया कि सैलाना अनु विभाग क्षेत्र के ग्राम गढ़ी गमना, सकरावदा तथा बजरंगगढ़ में भूमि आवंटन अभी शेष है इसके लिए कलेक्टर द्वारा एसडीएम सेलाना को निर्देशित किया गया।

नगर निगम की लंबित शिकायतों के संबंध में निगम आयुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि शहर में दिव्यांग पार्क निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है जो 36 लाख रुपए की लागत से 17 हजार स्क्वायर फीट में तैयार किया जाएगा। कलेक्टर ने एस्टीमेट सामाजिक न्याय विभाग को भिजवाने के निर्देश दिए। शहर की अरिहंत का परिसर कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं के संबंध में निगम आयुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि जलापूर्ति के लिए लाइन निर्माण एवं मरम्मत का कार्य चालू है। डोंगरे नगर में भूमि के छोटे-छोटे टुकड़ों में विक्रय की शिकायत पर जांच की जा रही है।



# चौबे, दशोत्तर व भारतीय सेवानिवृत्त

प्रसारण न्यूज • रतलाम

नगर निगम लोक निर्माण शाखा के सहायक यंत्री राकेश कुमार चौबे, अरविन्द दशोत्तर व विकास शाखा के भृत्य कैलाश भारतीय की अधिवार्शिकी आयु पूर्ण होने पर निगम के फायर स्टेशन भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाव-भीनी विदाई दी गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अपने उद्बोधन में श्री चौबे, श्री दशोत्तर व श्री भारतीय द्वारा अपने सेवाकाल में किये गये कार्यों प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर श्री चौबे, श्री दशोत्तर व श्री भारतीय को साफा बांधकर व शाल-श्रीफल तथा प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, एम.के. जैन, पूर्व महापौर परिषद सदस्य एवं पार्षद प्रेम उपाध्याय, गोविन्द काकानी, वहीद शैरानी, सतीश भारतीय सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने श्री चौबे, श्री दशोत्तर व श्री भारतीय का पुष्पहार व पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

## नगर निगम के विभिन्न करों से 86.95 लाख राजस्व प्राप्त हुआ

रतलाम। संपतिकर, जलकर, लायसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराये गये करो के तहत 28 फरवरी सोमवार को कुल राशि रूपये 86,95,228/- का राजस्व प्राप्त हुआ।

नगर निगम के विभिन्न करों के तहत 28 फरवरी सोमवार को संपतिकर शिविर से 138390, कार्यालय 333019, वसूली दल 381504 कुल 852913, जलकर शिविर 26400, कार्यालय 69490, वसूली दल 76900 कुल 172790, स्पॉट फाईन 6400, लायसेंस 205, दुकान गुमटी किराया कार्यालय 2658 वसूली दल 77494 कुल 80152, लीजरेंट 82768 व कम्पाउडिंग फीस 7500000 इस तरह कुल राशि रूपये 86,95,228/- का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ।

1-3-22

## 21 सफाई मित्रों का 1 दिवस एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रात: 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चैक किया गया, जिसके तहत प्रात: 21 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि प्रात: की शिफ्ट में उपस्थित रहते है व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबधित का पुरे दिवस का वेतन काटा जाएगा।

## अमानक स्तर की पॉलीथीन उपयोग करने पर 6 दुकानदारों पर जुर्माना

प्रसारण न्यूज • रतलाम

नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में 100 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक (प्लास्टिक स्टीक सहित ईयर बर्ड, बैलून में उपयोग होने वाले प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक झण्डे, कैंडी स्टिक, आईस्क्रीम स्टीक, सजावट में उपयोग होने वाले थर्मोकोल, प्लास्टिक प्लेट्स, कप, ग्लास, फोर्क, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, ट्रेट, स्वीट बाक्स, निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट को कव्हर करने वाली पैकिंग फिल्म, प्लास्टिक स्टिर्रस व 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक व पीवीसी के बैनर) के उपयोग को मध्यप्रदेष प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है।

अभियान के तहत 26 फरवरी को पटेल दूध भण्डार रानीजी का मंदिर पर 1000, सागर नमकीन रानीजी का मंदिर, श्रीराम प्लास्टिक, नाकोड़ा प्लास्टिक, सागर डिस्पोजल व श्रीजी डिस्पोजल नाहरपुरा पर 500-500 रूपये का जुर्माना कर 100 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का विक्रय व उपयोग ना करने की समझाईश दी। नगर के समस्त प्लास्टीक (पॉलीथीन) निर्माता, भण्डारकर्ता, विक्रेता, दुकानदार एवं उपयोगकर्ता 100 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का ना तो उत्पादन करें एव ना ही भण्डारण, विक्रय तथा उपयोग करें।

नगर के नागरिकों से अनुरोध है कि प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग ना करें एवं इनके स्थान पर कपड़े एवं कागज से निर्मित थैलियों का उपयोग कर नगर को स्वच्छ, सुन्दर बनाने तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# शहर में श्रमिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शनिवार-रविवार को कैंप आयोजित किए जाएंगे

## समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका रतलाम

आयुष्मान कार्ड का लाभ अधिकाधिक पात्र श्रमिक व्यक्तियों को मिले इस उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा रतलाम शहर में आने वाले शनिवार तथा रविवार को कैंप आयोजित किए जाएंगे। कैंप आयोजन अलकापुरी क्षेत्र में किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सोमवार को संपन्न समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में एसडीएम शहर तथा निगम आयुक्त को निर्देशित किया गया। अपर कलेक्टर श्री एमएलएल आर्य, जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया आदि अधिकारी उपस्थित थे।



निर्देशानुसार अनाधिकृत कॉलोनियों में विकास कार्यों तथा नियमितीकरण की प्रक्रिया की समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को सर्वेक्षण करके सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। सभी नगर पालिका अधिकारियों को आगामी गुरुवार तक सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। बैठक में जीएमडीसी श्री मुकेश शर्मा ने बताया कि उद्यम क्रांति योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। वर्तमान में 100 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। उप संचालक उद्यानिकी श्री पीएसएस कनेल ने बताया कि एक जिला एक उत्पाद योजना में 10 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान में 27 फरवरी को 75 प्रतिशत से भी अधिक लक्ष्य पूर्ति की गई।

कलेक्टर द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में और तेजी लाई जाए। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कोई कमी नहीं रहे। सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को सक्रिय किया जाएए सभी एसडीएम को भी निर्देशित किया कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की सप्ताहिक की समीक्षा करें। बताया गया कि जावरा तथा पिपलोदा क्षेत्रों में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति बेहतर नहीं है।

जिले में आगामी गेहूं उपार्जन की समीक्षा में जिला आपूर्ति अधिकारी श्री एस.एच. चौधरी ने बताया कि अब तक 19742 किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर ने जिला उपार्जन समिति की बैठक आगामी बुधवार को आयोजित करने के निर्देश दिए। बताया गया कि जिले में गेहूं खरीदी के लिए 65 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इस बार भी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह खरीदी का कार्य करेंगे।

उपार्जन प्रक्रिया दोषरहित रहेए इस संबंध में कलेक्टर द्वारा जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य विभाग के उपस्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण हेतु जिले में भूमि आवंटन कार्य जारी है। समीक्षा में बताया गया कि सैलाना अनु विभाग क्षेत्र के ग्राम गढ़ी गमना, सकरावदा तथा बजरंगगढ़ में भूमि आवंटन अभी शेष है इसके लिए कलेक्टर द्वारा एसडीएम सेलाना को निर्देशित किया गया। नगर निगम की लंबित शिकायतों के संबंध में निगम आयुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि शहर में दिव्यांग पार्क निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है जो 36 लाख रुपए की लागत से 17 हजार स्क्वायर फीट में तैयार किया जाएगा। कलेक्टर ने एस्टीमेट सामाजिक न्याय विभाग को भिजवाने के निर्देश दिए। शहर की अरिहंत का परिसर कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं के संबंध में निगम आयुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि जलापूर्ति के लिए लाइन निर्माण एवं मरम्मत का कार्य चालू है। डोंगरे नगर में भूमि के छोटे.छोटे टुकड़ों में विक्रय की शिकायत पर जांच की जा रही है।

# 1 से 5 मार्च तक वृक्षारोपण किया जाएगा

रतलाम। अंकुर अभियान के तहत 1 मार्च से 5 मार्च तक जिले में शासकीय कार्यालय परिसरों, स्कूलों, आंगनवाडी परिसरों तथा अन्य खाली स्थानों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोतम द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है। अंकुर अभियान में जिले में लगभग 77 हजार वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 1 मार्च को न्यू कलेक्ट्रेट परिसर के पीछे के हिस्से में लगभग 200 पौधे लगाए जाएंगे। सुबह 10 बजे अधिकारी एकत्र होकर पौधारोपण करेंगे। पौधारोपण वायुदूत ऐप पर अपलोड किया जाएगा। सोमवार को समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को पौधारोपण के संबंध में निर्देश दिए।

# सुमित ट्रेवल्स की 2 बसें जब्त

रतलाम । कलेक्टर एवं प्रषासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर पहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 20 फरवरी को राम मंदिर क्षेत्र में मोहित लोखण्डवाला द्वारा मकान का मलबा डालने व गंदगी करने पर 5000 रूपये का जुर्माना किया गया। इसके अलावा सुमित ट्रेवल्स द्वारा अपनी दो बसो को नगर निगम स्वामित्व की भूमि पर अवैध तरीके से पार्क करने पर बसो को सील कर जब्त किया गया।

# सुअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग

रतलाम। भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाउ ठाकरे मंडल का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष आदित्य डागा के नैतृत्व में कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पत्र सौंपकर शहर में बढ रहे सुअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की।

भाजपा नेताओं ने बताया कि शहर के कुछ हिस्सों में अचानक सुअरों की भरमार हो गई है। ये सुअर कहां से आए, इसकी किसी को जानकारी नहीं है। इनकी वजह से संबंधित क्षेत्रों में गंदगी बढ रही है, वहीं अन्य समस्याएं भी उपज रही है। सुअरों की हिंसा से महिलाएं एवं बच्चें प्रभावित हो रहे है।

भाजपा नेताओं के अनुसार पहले नगर निगम की सक्रियता से शहर में सुअर दिखना बंद हो गए थे। उन्होंने कलेक्टर से फिर एक अभियान चलाकर सुअरों की धरपकड करने और उन्हें जंगल में छुडवाने की मांग की। इस दौरान भाजपा पिछडा मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश राठौड, मंडल महामंत्री राकेश परमार, वार्ड संयोजक विपीन पोरवाल एवं पिछडा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मारू उपस्थित थे।

24/2/21

## मुख्यमंत्री श्री चौहान पीएमएवाय ( शहरी ) में करेंगे एक लाख से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरित

भोपाल । मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रधानमंत्री आवास योजना ( शहरी ) में एक लाख से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करेंगे। कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केन्द्र ( मिन्टो हॉल ) भोपाल में 23 फरवरी को दोपहर 3 बजे होगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सिंगल क्लिक के माध्यम से 26 हजार 500 आवास हितग्राहियों को 250 करोड़ रूपये की किश्त अंतरित करेंगे। साथ ही 50 हजार नवीन आवासों में हितग्राहियों को गृह प्रवेश एवं 30 हजार नवीन स्वीकृत आवासों का वर्चुअल भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद भी करेंगे।

कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह और नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्री ओ.पी.एस. भदौरिया भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन मध्यप्रदेश तथा जनसम्पर्क के यूट्यूब चैनल पर भी किया जायेगा। इसके साथ ही वेबकास्ट gov.in/mp/cmevents पर भी प्रसारण होगा।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने बताया है कि प्रदेश में कुल 8 लाख 68 हजार आवास प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में स्वीकृत हैं। अभी तक 4 लाख 72 हजार आवासों का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष प्रगतिरत हैं। कार्यक्रम में एक लाख 6 हजार 500 आवासों के हितग्राही लाभन्वित होंगे, जिनके आवासों की कुल लागत 4100 करोड़ रूपये है। आवास की अनुमानित लागत प्रति आवास 3 लाख 85 हजार रूपये है। इसमें डेढ़ लाख रूपये केन्द्र सरकार और एक लाख रूपये राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता दी जाती है।

## 500 किलोमीटर से अधिक की सड़कें बदलेंगी मालवा की अर्थ-व्यवस्था

भोपाल । मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में 6 हजार करोड़ से अधिक राशि खर्च कर मालवा क्षेत्र की तस्वीर बदलने का कार्य किया जा रहा है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। मध्यप्रदेश सड़कों के मजबूत नेटवर्क से निरंतर लाभान्वित हो रहा है। जहाँ प्रदेश में अटल एक्सप्रेस-वे के लिए केंद्र सरकार की मंजूरी मिली है, वहीं मध्यप्रदेश सरकार नर्मदा वे के निर्माण के लिए कृत संकल्पित है। उज्जैन सहित मालवा के अनेक नगर, कस्बे और ग्राम गुणवत्तापूर्ण सड़कों के निर्माण से लाभान्वित होंगे और इससे इस अंचल की अर्थ-व्यवस्था को बदलने में सफलता मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी द्वारा 24 फरवरी को किये जा रहे परियोजना शिलान्यास समारोह की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

## 3141 हितग्राही पीएम स्वनिधी के ब्याज मुक्त ऋण से लाभान्वित हुए

रतलाम । नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यषील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा जिन्होने प्रथम कार्यषील पूंजी का ऋण जमा करा दिया है उन्हे संकल्प से सिद्धी विषेश अभियान के तहत 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा निगम के झोन कार्यालयों पर ऑन लाईन आवेदन भरे जा रहे हैं।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि प्रथम कार्यषील पूंजी हेतु 2636 हितग्राहियों को राषि रूपये 10,000/- तथा द्वितीय कार्यषील पूंजी हेतु 205 हितग्राहियों को राषि रूपये 20,000/- ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है। एनयूएलएम स्वरोजगार ऋण योजना में 107 हितग्राहियों व एनयूएलएम स्वरोजगार समूह ऋण योजना में 5 समूह को ऋण उपलब्ध कराया गया है।

पथ विक्रेताओं को ब्याज मुक्त ऋण के लिये ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु आवष्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड व आधार लिंक से मोबाईल नम्बर साथ लाना होगा।

## न्यूज गैलरी

### अंकुर अभियान आज से पहले दिन 200 पौधे लगाएंगे

रतलाम। अंकुर अभियान के तहत एक से पांच मार्च तक जिले में शासकीय कार्यालय परिसरों, स्कूलों, आंगनबाड़ी परिसरों तथा अन्य खाली स्थानों पर पौधारोपण किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिले में लगभग 77 हजार पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एक मार्च को नए कलेक्ट्रेट के पीछे के हिस्से में लगभग 200 पौधे लगाए जाएंगे। सुबह 10 बजे अधिकारी एकत्र होकर पौधारोपण करेंगे। पौधारोपण वायुदूत एप पर अपलोड किया जाएगा। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार शहर के लगभग 125 छोटे-बड़े बाग-बगीचों में एक से पांच मार्च में 10-10 पौधे लगाए जाएंगे।

# फूड जंक्शन को मिल सकती है स्वीकृति

## विकास ● 13 करोड़ से बनेगा, तीन फोरलेन पर 18 करोड़ रुपये आएगी लागत



फूड जंक्शन। ● फाइल फोटो

नई दुनिया 1-3-22

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में विकास की सौगात में दो प्रमुख प्रोजेक्ट गोल्ड पार्क व ट्रांसपोर्ट नगर के टेंडर जारी होने के बाद अब इसी सप्ताह नगर निगम को फूड जंक्शन व सिटी फोरलेन की तकनीकी स्वीकृति भी मिल सकती है। इस स्वीकृति के बाद निगम दोनों योजनाओं पर टेंडर जारी करेगा। खास बात यह है कि ये दोनों प्रोजेक्ट नगर निगम अपने फंड से पूरे करेगा। इसमें प्रदेश शासन से कोई राशि नहीं मांगी गई है। ऐसे में तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद कोई अड़चन नहीं रहेगी।

मालूम हो कि शहर विकास की योजनाओं पर गत तीन माह में तेजी से काम हुआ है। विधायक चेतन्य काश्यप व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने लगातार मानीटरिंग कर प्रोजेक्ट को अंतिम रूप दिया। नगरीय विकास विभाग को भेजे गए फूड जंक्शन में कुछ तकनीकी खामियां बताई गई थी। वहीं मिनी स्मार्ट सिटी में शामिल तीन सड़कों को नगर निगम के माध्यम से बनाए जाने पर भी प्रोजेक्ट की कमियां चिन्हित की गई। इस पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव निकुंज श्रीवास्तव से चर्चा की। इसके बाद निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने प्रोजेक्ट को अपडेट करवाया जिसे गत सप्ताह नगर निगम के इंजीनियरों की टीम भोपाल सबमिट करके आई है। संभावना है कि चार या पांच मार्च तक विभाग तकनीकी स्वीकृति दे देगा।

### फूड जंक्शन इस तरह बनेगा

पुरानी सब्जी मंडी व पोलोग्राउंड से सटी 2.22103 वर्गफीट जमीन पर गुड़गांव के सायबर हब की तर्ज पर दो मंजिला फूड जंक्शन बनाया जाना है। इसमें एस्कलेटर, सुविधापूर्ण बैठक व्यवस्था व शेष खुले परिसर में मुक्ताकाशी मंच बनेगा, जहां छोटे स्तर पर गीत-संगीत सहित काव्य पाठ आदि कार्यक्रम हो सकेंगे। फूड जंक्शन के लिए नगर निगम ने करीब 10 करोड़ रुपये की लागत तय की थी। निगम से तय इंदौर के नाइन आर्किटेक्ट ने प्रारंभिक स्वरूप में सभी जरूरी सुविधाओं को दर्शाते हुए नक्शा बनाया। कुछ संशोधन के बाद 13.45 करोड़ रुपये की लागत का प्रस्ताव बनाया गया।

### इस तरह बनेगी दुकानें

फूड जंक्शन में तीन श्रेणियों में दुकानें होंगी। इसमें ए श्रेणी की 15 दुकानें 200 से 220 वर्गफीट, बी श्रेणी की 13 दुकानें 290 से 300 वर्गफीट व सी श्रेणी की 13 दुकानें 350 से 370 वर्गफीट की रहेंगी। कुल 41 दुकानें दो मंजिला भवन में होंगी। 2.22103 वर्गफीट के परिसर में 24830 वर्गफीट का एरिया स्लैब का रहेगा।

### 02-18.5 करोड़ में बनना हैं तीन फोरलेन

मिनी स्मार्ट सिटी योजना में ली गई तीन सड़कों को काम में देरी होने के चलते नगर निगम द्वारा बनाया जाएगा। इसमें महाराणा प्रताप प्रतिमा से लोकेंद्र टाकिज तक 3.5 करोड़ रुपये की लागत से करीब 450 मीटर लंबी सिटी फोरलेन, पावर हाउस रोड से शास्त्री नगर होकर न्यू रोड तक 5.5 करोड़ की लागत से 800 मीटर लंबी फोरलेन, जवाहर नगर अंबे माता चौक से जूनियर रेलवे इंस्टीटयूट तक 9.5 करोड़ रुपये की लागत से 1700 मीटर लंबी सड़क बनाई जाना प्रस्तावित है। इन तीनों सड़कों में भी लागत व अन्य मुद्दों पर कुछ तकनीकी खामियां थी, जिसे दूर किया गया है।

> फूड जंक्शन व मिनी स्मार्ट सिटी की तीन सड़कों में तकनीकी कमियों को चिन्हित कर विभागीय मुख्यालय पर प्रोजेक्ट अपडेट कराया है। इसी सप्ताह तकनीकी स्वीकृति मिलने की संभावना है। इसके साथ ही सीएम इंफ्रा में अमृत सागर से बाजना बस स्टैंड तक फोरलेन की भी स्वीकृति मिल जाएगी।
>
> – सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त

हमदेश रतलाम,

# विधायक श्री काश्यप ने अमृत सागर परियोजना की समीक्षा की

रतलाम । रतलाम नगर के अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण, संरक्षण प्रबंधन एवं विकास परियोजना के क्रियान्वयन की समीक्षा विधायक श्री चेतन्य काश्यप द्वारा की गई। कलेक्ट्रेट कक्ष में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम भी मौजूद थे।

नगर निगम के यंत्रीओं द्वारा अमृत सागर योजना डीपीआर की जानकारी दी गई झील संरक्षण योजना के तहत शहर के अमृत सागर के सौंदर्यीकरण तथा विकास का कार्य किया जाएगा जिसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र शासन द्वारा, 30 प्रतिशत राज्य शासन और 10 प्रतिशत नगर निगम द्वारा दी जाएगी। विधायक श्री चेतन्य काश्यप ने कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि टेंडर कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए। झील संरक्षण योजना के तहत अमृत सागर की सफाई के लिए 3 करोड़ 86 लाख रुपए की हार्वेस्टर मशीन पूर्व से क्रय की जा चुकी है जो तालाब से जलकुंभी निकालने का कार्य कर रही है सतह की सफाई के अलावा तालाब के भीतर की गाद भी निकाली जाएगी। कार्ययोजना अंतर्गत ढाई करोड रुपए वेटलैंड निर्माण पर खर्च किए जाएंगे, बाउंड्रीवाल बनेगी जिस पर एक करोड़ 97 लाख रुपया वहन किया जाएगा। गाद निकासी पर बड़ी रकम खर्च होगी। इसके लिए 347 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। सैनिटेशन पर 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। नाला परिवर्तन, उपकरण खरीदी तथा अन्य कार्य भी किए जाएंगे कलेक्टर द्वारा कार्य योजना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विधायक श्री काश्यप ने कार्ययोजना में जरूरी संशोधन करने के लिए निर्देशित किया। अमृत सागर पर पेरीफेरल रोड बनेंगे, वाक-वे बनाए जाएंगे, पार्किंग एरिया, लैम्प पोस्ट, सीटिंग बेंच, शॉप्स, बोटिंग आदि कार्य गतिविधियां भी होंगी। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर भी 50 लाख रूपए खर्च किए जाएंगे, जिसके तहत कचरा कलेक्शन बींस रखे जाएंगे। बेसिक टूल्स रहेंगे। कचरे का कलेक्शन और उसको निष्पादित किया जाएगा। वेस्ट वाटर सिस्टम भी रहेगा। अमृत सागर की बाउंड्रीवॉल निर्माण पर 197 लॉख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा अमृत सागर के पिचिंग वर्क पर 1 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। जिसमें पत्थरों का उपयोग करके स्लोप प्रोटेक्शन किया जाएगा। पब्लिक अवेयरनेस एक्टिविटी, वॉच टावर निर्माण, प्रशासकीय कार्यालय भी बनेगा।

बैठक में विधायक श्री काश्यप द्वारा शहर की अनाधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण तथा वहां के निवासियों को मूलभूत सुविधाएं देने की दिशा में शीघ्र कार्य करने के लिए निगम अधिकारियों को निर्देशित किया।

# सीएम हेल्प लाईन शिकायतों के निराकरण में नगर निगम रतलाम प्रथम रहा

रतलाम । नगर निगम से संबंधित सीएम हेल्प लाईन पर नागरिकों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के निराकरण में रतलाम नगर निगम को प्रदेश में लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के तहत नगर निगम रतलाम 716 षिकायतें निराकरण में संतुश्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज 47.28 ( 50 प्रतिषत ) 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज 9.33 ( 10 प्रतिषत ), निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों का वेटेज 9.66 ( 10 प्रतिषत ), नोट अटेडेंट शिकायतों का वेटेज 10 ( 10 प्रतिषत ), मान्य/अमान्य शिकायतों का वेटेज 10 ( 10 प्रतिषत ), लंबित शिकायतों की संख्या में कमी का वेटेज 7.5 ( 10 प्रतिषत ) तथा कुल वेटेज स्कोर 93.77 प्राप्त कर प्रदेश में नम्बर 1 बना।

सीएम हेल्प लाईन शिकायतों निराकरण में नगर निगम रतलाम को प्रदेश में लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त होने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई प्रेषित कहा कि आगे भी इसी प्रकार कार्य कर रतलाम नगर निगम को प्रथम पायेदान पर बनायें रखें।

# पीएम स्वनिधि के बैंकों द्वारा निरस्त डेढ़ हजार प्रकरण पुनः बैंकों में लगेंगे, स्वीकृति मिलेगी

रतलाम / बैंकर्स अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को समझें और निभाए। आपको आम आदमी की जिंदगी को बेहतर करने का अवसर मिला है। शासन द्वारा महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से सशक्त किया जा रहा है। बैंक महिलाओं को सशक्त बनाने की इस मुहिम में समान रूप से सहभागी बने, समूहों की महिलाओं के अधिकाधिक प्रकरण स्वीकृत किए जाएं। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय सलाहकार समिति की बैठक में दिए। इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री दिलीप सेठिया, नाबार्ड के जिला प्रबंधक श्री नितिन आलोने, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के लीड अधिकारी श्री सुधीर केसरवानी, विभागों के अधिकारी तथा बैंकर्स उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पूर्व में बैंक द्वारा निरस्त किए गए लगभग डेढ़ हजार प्रकरणों को पुनः बैंकों में लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही उन्हें स्वीकृति देने के निर्देश बैंकर्स को दिए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम स्वनिधि आम आदमी की भलाई की महत्वकांक्षी योजना है जिसका अधिकाधिक लाभ गरीब वर्ग को दिलाना है। बैंकर्स अनावश्यक रूप से प्रकरणों को निरस्त नहीं कर सकते।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की विभिन्न शाखाओं द्वारा शासकीय योजनाओं में प्रकरणों की स्वीकृति नहीं देने, वितरण नहीं करने पर सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के चेयरमैन तथा जनरल मैनेजर को पत्र लिखा गया है जिसमें रतलाम जिले की सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखाओं द्वारा शासकीय योजनाओं में प्रकरणों की स्वीकृति में बढ़ती जा रही उदासीनता और अरुचि की जानकारी देते हुए कार्रवाई की बात कही गई है। कलेक्टर ने कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया चेयरमैन जब विगत दिनों रतलाम आए थे और उनके द्वारा मंच से जो चेक वितरण किए गए थे उनकी राशि भी हितग्राहियों के खातों में अब तक नहीं पहुंची है जो अत्यंत खेदजनक है। आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिकाधिक बैंकिंग सहभागिता के संबंध में कलेक्टर ने बैठक में चर्चा की और बैंकर्स को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं में ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए।

# 3141 हितग्राही पीएम स्वनिधी के ब्याज मुक्त ऋण से लाभान्वित हुए

रतलाम । नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यषील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा जिन्होने प्रथम कार्यषील पूंजी का ऋण जमा करा दिया है उन्हे संकल्प से सिद्धी विषेश अभियान के तहत 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा निगम के झोन कार्यालयों पर ऑन लाईन आवेदन भरे जा रहे हैं।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि प्रथम कार्यषील पूंजी हेतु 2636 हितग्राहियों को राषि रूपये 10,000/- तथा द्वितीय कार्यषील पूंजी हेतु 205 हितग्राहियों को राषि रूपये 20,000/- ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है। एनयूएलएम स्वरोजगार ऋण योजना में 107 हितग्राहियों व एनयूएलएम स्वरोजगार समूह ऋण योजना में 5 समूह को ऋण उपलब्ध कराया गया है।

पथ विक्रेताओं को ब्याज मुक्त ऋण के लिये ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु आवष्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड व आधार लिंक से मोबाईल नम्बर साथ लाना होगा।

**जलसंकट की आहट** • डेम सूखने पर 32 लाख लीटर से घटकर आधी रह जाएगी जलापूर्ति

# अप्रैल में चलेगी वाटर स्पेशल ट्रेन, कुरैल डेम में सिर्फ 12 फीट पानी, यह 30 दिन ही चल पाएगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सूरज के तेवर दिखाते ही रेलवे को पानी की चिंता सताने लगी है। कॉलोनियां और स्टेशन मिलाकर रेलवे को 30 से 32 लाख लीटर पानी रोजा लग रहा है। आपूर्ति करने वाले 22 फीट क्षमता वाले कुरैल डेम में 12 फीट पानी भरा है। यह सिर्फ 30 दिन इतना है, यानी मार्च तो आराम से निकल जाएगा।

डेम सूखने पर अप्रैल में जलापूर्ति आधी 15 से 16 लाख लीटर रह जाएगी। इस कमी को रेलवे वाटर स्पेशल ट्रेन चलाकर पूरी करने की कोशिश करेगा। तैयारियां शुरू हो गई हैं। सैलाना यार्ड में खड़ी 12 वैगन वाली वाटर स्पेशल ट्रेन का मेंटेनेंस किया जा रहा है। प्रत्येक वैगन की क्षमता 50 हजार लीटर है। इस मान से वाटर स्पेशल भैरवगढ़ से रोज 6 लाख लीटर पानी लाएगी। रेलवे को टैंकर और ट्यूबवैल से पानी लेना पड़ेगा।

## रेलवे समस्या का स्थायी समाधान नहीं खोज पा रहा



सैलाना यार्ड में खड़ी वाटर स्पेशल ट्रेन।

हर साल पानी की कमी झेलने के बाद रेलवे स्थाई समाधान नहीं खोज पा रहा है। एक दशक पहले तक कभी-कभी वाटर स्पेशल चला करती है, लेकिन कई सालों से लगातार ही ट्रेन से पानी मंगवाना पड़ रहा है। इस पर हर साल लगभग 20 से 25 लाख रुपए खर्च होता है। बावजूद अफसर ठोस योजना नहीं बना पाए हैं।

1-3-22

## लक्ष्मणपुरा मल्टी के पास बनेगा 20 लाख लीटर का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट

कर्मचारियों और उनके परिवारों को गर्मी में साफ पानी देने रेलवे 20 लाख लीटर क्षमता वाला एक और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाएगा। यह लक्ष्मणपुरा मल्टी के पास 572 नंबर कुएं पर बनेगा। टेंडर हो गए हैं। अगले साल तक तैयार हो जाएगा। दरअसल वाटर स्पेशल ट्रेन से आने वाले नदी के पानी को सीधे इस कुएं में खाली कर बिना ट्रीटमेंट किए कॉलोनियों और स्टेशन एरिया में सप्लाई कर दिया जाता है। अभी रेलवे के पास सिर्फ एक रेलवे कॉलोनी में पुराना 20 लाख लीटर क्षमता वाला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट है।

## निजी ट्यूबवेलों का पानी बेचने पर लगाया प्रतिबंध

गर्मी में पानी की कमी का फायदा उठाकर निजी ट्यूबवेलों से टैंकर भरकर बेचने वाले इस साल पानी नहीं बेच पाएंगे। नगर निगम ने टैंकरों से पानी विक्रय पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया करमदी रोड वाले एसटीपी से 4.50 एमएलडी और खेतलपुर एसटीपी में रोजाना 3.35 एमएलडी सीवरेज वाटर का ट्रीटमेंट हो रहा है। इसका पीने के अलावा बाकी सभी कार्य में उपयोग किया जा सकता है। निगम यह ट्रीटेड वाटर 50 रुपए प्रति किलोलीटर के मान से विक्रय करेगा।

# शहर में 36 लाख की लागत से बनेगा दिव्यांग पार्क

**कार्ययोजना**

- समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश
- श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड शनिवार, रविवार को विशेष कैंप में बनेंगे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में दिव्यांग पार्क निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। 36 लाख रुपये की लागत से 17 हजार वर्गफीट में यह पार्क तैयार किया जाएगा। यह जानकारी सोमवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को दी। कलेक्टर ने एस्टीमेट सामाजिक न्याय विभाग को भिजवाने के निर्देश दिए।

नगर निगम की लंबित शिकायतों के संबंध में निगम आयुक्त ने बैठक में बताया कि शहर की अरिहंत परिसर कालोनी में मूलभूत सुविधाओं में जलापूर्ति के लिए लाइन निर्माण एवं मरम्मत का कार्य चालू है। डोंगरे नगर में भूमि के छोटे-छोटे टुकड़ों में विक्रय की शिकायत पर जांच की जा रही है।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड का लाभ अधिकाधिक पात्र श्रमिकों को मिले, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा रतलाम शहर में अगले शनिवार तथा रविवार को कैंप आयोजित किए जाएंगे। कैंप आयोजन अलकापुरी क्षेत्र में किया जाएगा।

अनधिकृत कालोनियों में विकास कार्यों तथा नियमितिकरण की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को सर्वेक्षण करके गुरुवार तक सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में और तेजी लाई जाए। सभी एसडीएम को भी निर्देशित किया कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की साप्ताहिक की समीक्षा करें। जावरा तथा पिपलौदा क्षेत्रों में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति बेहतर नहीं है।

## 19742 किसानों ने कराया पंजीयन

जिले में गेहूं उपार्जन की समीक्षा में जिला आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी ने बताया कि अब तक 19742 किसानों का पंजीयन किया जा चुका है।

जिले में गेहूं खरीदी के लिए 65 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इस बार भी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह खरीदी का कार्य करेंगे। स्वास्थ्य विभाग के उपस्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण की समीक्षा में बताया गया कि सैलाना अनुविभाग क्षेत्र के ग्राम गढ़ी गमना, सकरावदा तथा बजरंगगढ़ में भूमि आवंटन अभी शेष है। कलेक्टर ने एसडीएम सैलाना को निर्देशित किया गया।

नई दुनिया 1-3-22

---

# त्योहारों हेतु शांति समिति की बैठक

रतलाम ● आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें उत्सवों के आयोजन तथा व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, निगमायुक्त सोमनाथ झारिय सहित अधिकारीगण एवं आमंत्रित सदस्य उपस्थित थे।

1-3-22

## अंकुर अभियान के तहत 1 मार्च से 5 मार्च तक वृक्षारोपण किया जाएगा

**रतलाम।** अंकुर अभियान के तहत 1 मार्च से 5 मार्च तक जिले में शासकीय कार्यालय परिसरों, स्कूलों, आंगनवाड़ी परिसरों तथा अन्य खाली स्थानों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है। अंकुर अभियान में जिले में लगभग 77 हजार वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 1 मार्च को न्यू कलेक्ट्रेट परिसर के पीछे के हिस्से में लगभग 200 पौधे लगाए जाएंगे। सुबह 10 बजे अधिकारी एकत्र होकर पौधारोपण करेंगे। पौधारोपण वायुदूत ऐप पर अपलोड किया जाएगा। सोमवार को समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को पौधारोपण के संबंध में निर्देश दिए। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार शहर के लगभग 125 छोटे-बड़े बाग-बगीचों में 1 मार्च से 5 मार्च के अवधि में 10-10 पौधे लगाए जाएंगे।

## सीवरेज ट्रीटेड वाटर का रियूज कर भू-जल स्तर बचायें

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीवरेज ट्रीटेड वॉटर की प्रति किलो लीटर के मान से दर निर्धारित कर निर्माण कार्य, उद्यानों-खेतों में सिंचाई सहित अन्य कार्यो में उपयोग हेतु खेतलपुर व करमदी एसटीपी प्लांट पर विक्रय प्रारंभ कर दिया गया है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रतलाम शहर में अमृत योजना के अन्तर्गत करमदी रोड पर 4.50 एमएलडी व खेतलपुर में 3.35 एमएलडी सीवरेज वॉटर ट्रीटेड होना प्रारंभ हो चुका है। इसके विक्रय हेतु नगर निगम द्वारा दरें निर्धारित की गई है जिसके तहत 50/- प्रति किलोलीटर, 3000 क्षमता टैंकर 150/-, 4000 क्षमता टैंकर 200/-, 5000 क्षमता टैंकर 250/-, 12000 क्षमता टैंकर 600/-, 24000 क्षमता टैंकर 1200/- है। नागरिक भवन व अन्य निर्माण कार्यो, खेतों व बगीचों में सिंचाई हेतु ट्यूबवेल का पानी उपयोग ना करते हुए रियायती दर पर नगर निगम के एसटीपी प्लांट से ट्रीटेड वॉटर क्रय कर सकते है जिससे राशि की बचत होने के साथ ही भू-जलस्तर भी बना रहेगा। शहर में निजी ट्यूबवेलों से टैंकरो द्वारा पानी का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ट्यूबवेल मालिक निर्माण कार्यो एवं सिंचाई हेतु पानी का विक्रय ना करे। 28-2-22

## नगर निगम की कार्यवाही को लेकर विधायक चेतन्य काश्यप से मिले डिस्पोजल व्यापारी

28-2-22

रतलाम। नगर निगम द्वारा की जा रही कार्यवाही को लेकर डिस्पोजल व्यापारी संघ का प्रतिनिधि मंडल विधायक चेतन्य काश्यप से मिला और उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत करवाया। विधायक श्री काश्यप ने नगर निगम आयुक्त से चर्चा कर उन्हें व्यापारियों के साथ बैठक करने, शासन के नियमों एवं आदेश से अवगत कराने एवं व्यापारियों को भरोसे में लेकर पर्याप्त समय देने के निर्देश दिए।

डिस्पोजल व्यापारी संघ अध्यक्ष संजय पारख ने बताया कि शासन द्वारा 1 जुलाई 2022 से 100 माईक्रोन से कम के प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। लेकिन नगर निगम अभी से शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर कार्यवाही कर रहा है। उन्होंने कहा कि शासन एक तरफ नमकीन क्लस्टर और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में व्यापारियों को प्रोत्साहित कर रहा है, लेकिन दूसरी तरफ निगम का अमला कार्यवाही कर रहा है। शहर में दुग्ध संघ द्वारा दूध एवं लस्सी का विक्रय भी डिस्पोजल में हो रहा है लेकिन नगर निगम का अमला शहर के छोटे व्यवसायियों के यहाँ कार्यवाही कर रहा है। श्री काश्यप ने व्यापारी संघ का पक्ष सुनने के बाद निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा की और उन्हें निर्देशित किया। इस दौरान व्यापारी संघ के राहुल पोखरना, अर्पित अग्रवाल, विजय अग्रवाल, यशवंत राठौर, संदीप उपाध्याय, शेखर घोचा, त्रिलोक तिकवानी, प्रमोद लोढ़ा आदि उपस्थित रहे। सिक्षरा

रिंग रोड के टेंडर हुए, भूमि अधिग्रहण के लिए नोटिफिकेशन जारी

# छह साल पुरानी योजना, अब तक आकार को तरस रही

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

## अपने हिसाब से लोगो तय कर लेना सर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 1-3-22

रतलाम. शहर की प्राणवायु बंजली से मांगरोल तक बनने वाले रिंग रोड के लिए टेंडर तो हो गए है। निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण कार्य में गति लाते हुए राजस्व विभाग ने धारा 11 में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। करीब छह वर्ष पुरानी इस योजना के लिए कई बार तकनीकी अड़चन सामने आई, लेकिन तेज गति से इसके निराकरण के लिए प्रयास ही नही हुए। अब इस कार्य में गति होती सामने नजर आ रही है।

शहर में प्रवेश किए बगैर बाहर से ही एक स्थान से दूसरे स्थान पर निकलने के लिए रिंग रोड की जरुरत 2010 से महसुस हो रही थी। 2010 से 2021 के मास्टर प्लान में इस योजना के बारे में विस्तार से लिखा गया। इसके बाद 2013 में पहली बार चेतन्य काश्यप पहली बार विधायक बने, तब जाकर रिंग रोड के बारे में पहली बार चिंतन गंभीरता से हुआ। तब से अब तक योजना अब जाकर साकार होती नजर आ रही है।

### इतने के जारी हुए टेंडर

लोकनिर्माण विभाग ने बंजली से मांगरोल तक रिंग रोड बनाने के टेंडर जारी कर दिए है। इसके अंतर्गत नंदलई, जुलवानिया, बिबड़ोद, सागोद, खेतलपुर, हरथली, मथुरी, तितरी, करमदी व सालाखेड़ी को शामिल किया गया है, जहां की भूमि की जरुरत रिंगरोड के निर्माण के लिए पड़ेगी। 20.52 किमी लंबे इस रिंग रोड की लागत 2945.33 करोड़ रुपए आएगी।

### टेंडर जारी कर दिए गए

लोकनिर्माण विभाग ने 20.52 किमी लंबे बंजली से मांगरोल तक बनने वाले रिंग रोड के लिए टेंडर जारी कर दिए है। - अनुरागसिंह, कार्यपालन यंत्री, लोकनिर्माण विभाग

### नोटिफिकेशन जारी

रिंग रोड निर्माण के लिए धारा 11 अंतर्गत नोटिफिकेशन जारी हो गया है। इसमे कितने गांव की कितने किसानों की भूमि की कितनी भूमि की जररुत रहेगी, यह तय कर लिया गया है। शेष कार्रवाई तेज करने के प्रयास रहेंगे। - **राजेश शुक्ला**, शहर एसडीएम

# आयुष्मान कार्ड के लिए शनिवार और रविवार को अलकापुरी में लगेंगे कैंप

भास्कर संवाददाता | रतलाम

आयुष्मान कार्ड का लाभ पात्र श्रमिक लोगों को देने के लिए शहर में शनिवार और रविवार को विशेष कैंप लगाए जाएंगे। यह कैंप अलकापुरी क्षेत्र में लगाए जाएंगे।

इस आशय का निर्णय सोमवार को हुई टीएल मीटिंग में लिया गया। कलेक्टर ने जिम्मेदार अधिकारियों को कहा है। इधर, अनधिकृत कॉलोनियों में विकास काम और नियमितिकरण की प्रक्रिया की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी निकायों के अधिकारियों को सर्वेक्षण कर सूची उपलब्ध कराने को कहा। सभी नगर पालिका अधिकारियों को आगामी गुरुवार तक सूची उपलब्ध कराना होगी। जीएमडीसी मुकेश शर्मा ने बताया उद्यम क्रांति योजना में 100 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। कलेक्टर बुधवार को जिला उपार्जन समिति की बैठक लेंगे। उन्होंने बताया गेहूं खरीदी के लिए 65 कैंद्र तय किए हैं। इस बार राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह खरीदी का काम करेंगे। शहर में दिव्यांग पार्क निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है, जो कि 36 लाख की लागत से 17 हजार स्क्वेयर फीट में बनेगा। 1-3-22

# पथ विक्रेताओं के खाते में जल्द पहुंचेगा ब्याज अनुदान

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। कोरोना काल में प्रभावित हुए पथ विक्रेताओं के रोजगार को फिर से स्थापित करने के लिए लागू की गई प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के ब्याज अनुदान की राशि हितग्राहियों के खाते में जल्द पहुंचेगी। इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इंडियन बैंक के साथ सोमवार को अनुबंध किया। विभागीय मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि स्वनिधि योजना के पहले चरण में केंद्र सरकार ने मप्र में चार लाख पांच हजार पथ विक्रेताओं को ऋण दिलाने का लक्ष्य दिया था। दस हजार रुपये के ऋण में सात प्रतिशत का ब्याज अनुदान केंद्र सरकार देती है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्णय लिया है कि बाकी जो भी ब्याज लगेगा, उसका भुगतान राज्य सरकार करेगी।

### 50 हजार रुपये तक ऋण

प्रदेश सरकार ने यह व्यवस्था भी की है कि समय पर ऋण चुकाने वाले हितग्राही को दोबारा ऋण भी दिलाया दिया जाएगा। बीस हजार रुपये का ऋण भी यदि समय पर चुका दिया जाता है तो वह अधिकतम 50 हजार रुपये तक ऋण ले सकता है।

---

संक्षिप्त समाचार

# अंकुर अभियान के तहत 1 से 5 मार्च तक वृक्षारोपण किया जाएगा

रतलाम। अंकुर अभियान के तहत 1 मार्च से 5 मार्च तक जिले में शासकीय कार्यालय परिसरों, स्कूलों, आंगनवाड़ी परिसरों तथा अन्य खाली स्थानों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है। अंकुर अभियान में जिले में लगभग 77 हजार वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 1 मार्च को न्यू कलेक्ट्रेट परिसर के पीछे के हिस्से में लगभग 200 पौधे लगाए जाएंगे। सुबह 10:00 बजे अधिकारी एकत्र होकर पौधारोपण करेंगे। पौधारोपण वायुदत ऐप पर अपलोड किया जाएगा। सोमवार को समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को पौधारोपण के संबंध में निर्देश दिए। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार शहर के लगभग 125 छोटे-बड़े बाग-बगीचों में 1 मार्च से 5 मार्च के अवधि में 10-10 पौधे लगाए जाएंगे।

---

# अंकुर अभियान के तहत आज से पांच दिनों तक होगा पौधरोपण

रतलाम. अंकुर अभियान के तहत 1 से 5 मार्च तक जिले में शासकीय कार्यालय परिसरों, स्कूल, आंगनवाड़ी परिसर तथा अन्य खाली स्थानों पर पौधरोपण किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिले में अभियान के तहत लगभग 77 हजार पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 1 मार्च को न्यू कलेक्ट्रेट परिसर के पीछे के हिस्से में लगभग 200 पौधे लगाए जाएंगे। पौधारोपण वायुदूत ऐप पर अपलोड किया जाएगा। सोमवार को समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को पौधारोपण के संबंध में निर्देश दिए। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार शहर के लगभग 125 छोटे-बड़े बाग-बगीचों में 10-10 पौधे लगाए जाएंगे।

---

# पथ-विक्रेताओं के खाते में जल्द पहुंचेगी राशि

पीएम स्वनिधि योजना में पथ-विक्रेताओं के बैंक खाते में ब्याज अनुदान की राशि तत्काल हस्तांतरित करने के उद्देश्य से नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा इंडियन बैंक के बीच में सोमवार को एमओयू हुआ। इससे कागजी कार्यवाही कम होगी तथा हितग्राही के खाते में राशि जल्द पहुंचेगी। योजना में पथ-विक्रेताओं को 10 हजार के लोन पर 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान केंद्र द्वारा तथा शेष ब्याज राशि का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जाता है।

---

# पॉलिथिन पर प्रतिबंध को लेकर विक्रेताओं से चर्चा

रतलाम. शहर को पॉलिथिन मुक्त बनाने के लिए नगर निगम और प्रशासन के द्वारा सोमवार को तरणताल पर डिस्पोजल व्यापारियों के साथ बैठक की। इसमें नगर निगम आयुक्त और शहर एसडीएम राजेश शुक्ला ने व्यापारियों से पॉलिथिन मुक्त शहर बनाए जाने के लिए सहयोग की अपील की और तय मानक की सामग्री का ही विक्रय करने की हिदायत भी दी। बैठक के दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए संपत्तिकर 81.42 लाख व जलकर 20.18 लाख की बकाया राशि जमा कराई

रतलाम । नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर आयोजित किये गये है जो 03 मार्च 2022 तक चलेंगे।

आयोजित षिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस षुल्क एवं विकास षाखा से संबंधित भवन की किष्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेगें।

निगम द्वारा आयोजित षिविरों में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए गांधीनगर षिविर में संपत्तिकर 3,28,822/- व जलकर 54,850/-, मालवा नगर लक्ष्मणपुरा शिविर में संपत्तिकर 1,62,575/- व जलकर 34,520/-, जवाहर नगर अम्बे माता मंदिर के पास शिविर में संपत्तिकर 3,02,013/- व जलकर 63,450/-, विनोबा नगर शिविर में संपत्तिकर 1,85,292/- व जलकर 1,19,720/-, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल शिविर में संपत्तिकर 3,20,857/- व जलकर 62,950/-, तिरूपति नगर शिविर में संपत्तिकर 1,28,977/- व जलकर 28,870/-, कोमल नगर शिविर में संपत्तिकर 2,16,000/- व जलकर 14,000/-, इन्द्रलोक नगर मार्निंग स्टार स्कूल के पास शिविर में संपत्तिकर 2,51,600/- व जलकर 1,04,640/-, कस्तुरबा नगर षिविर में संपत्तिकर 8,61,206/- व जलकर 1,21,090/-, प्रियदर्षनी नगर षिविर में संपत्तिकर 2,14,000/- व जलकर 47,000/-, डोंगरे नगर षिविर में संपत्तिकर 2,54,422/- व जलकर 83,700/-, हाट रोड शिविर में संपत्तिकर 1,71,500/- व जलकर 27,540/-, कलीमी कालोनी शिविर में संपत्तिकर 1,96,281/- व जलकर 40,240/-, राजेन्द्र नगर शिविर में संपत्तिकर 1,45,000/- व जलकर 31,760/-, काटजू नगर शिविर में संपत्तिकर 3,36,077/- व जलकर 72,440/-, वेदव्यास कालोनी षिविर में संपत्तिकर 98,534/- व जलकर 37,465/-, कल्याण नगर शिविर में संपत्तिकर 87,732/- व जलकर 36,660/-, दीनदयाल नगर षिविर में संपत्तिकर 2,91,455/- व जलकर 92,125/-, बोहरा बाखल षिविर में संपत्तिकर 4,97,298/- व जलकर 64,770/-, रामगढ़ शिविर में संपत्तिकर 1,59,241/- व जलकर 28,140/-, लक्कड़पीठा शिविर में संपत्तिकर 6,11,920/- व जलकर 1,56,600/-, धानमण्डी शिविर में संपत्तिकर 3,60,338/- व जलकर 1,67,280/-, किरण टॉकिज शिविर में संपत्तिकर 3,89,541/- व जलकर 76,625/-, आनन्द कालोनी षिविर में संपत्तिकर 1,20,807/- व जलकर 37,520/-, प्रताप नगर शिविर में संपत्तिकर 1,91,836/- व जलकर 72,860/-, महावीर नगर शिविर में संपत्तिकर 87,741/- व जलकर 37,140/- पैलेस रोड शिविर में संपत्तिकर 2,81,036/- व जलकर 89,570/-, चौगानिया भैरू मंदिर के पास षिविर में संपत्तिकर 91,157/- व जलकर 46,510/-, सायर चबुतरा शिविर में संपत्तिकर 1,62,036/- व जलकर 1,05,060/-, चौमुखी पुल शिविर में संपत्तिकर 5,20,421/- व जलकर 1,62,610/- की राशि जमा कराई।

वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली शिविरो के वार्ड क्रमांक 41 के लिये 21 से 22 फरवरी तक बजाजखाना गणेष देवरी, वार्ड क्रमांक 33, 34 व 35 के लिये 23 व 24 फरवरी को शास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास, वार्ड क्रमांक 33 व 34 के लिये 25, 26 व 28 फरवरी को दो बत्ती चौराहा, वार्ड क्रमांक 30, 31, 32 व 34 के लिये 1 से 3 मार्च तक स्टेशन रोड दिलबहार चौराहे पर कार्यालयीन समय में शिविर आयोजित किये गये है।

निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त षिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किये गये है

## 100 मॉईक्रान से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित

रतलाम । रतलाम नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में 100 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक ( प्लास्टिक स्टीक सहित ईयर बर्ड, बैलून में उपयोग होने वाले प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक झण्डे, कैंडी स्टिक, आईस्क्रीम स्टीक, सजावट में उपयोग होने वाले थर्मोकोल, प्लास्टिक प्लेट्स, कप, ग्लास, फोर्क, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, टेऊ स्वीट बाक्स, निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट को कव्हर करने वाली पैकिंग फिल्म, प्लास्टिक स्टिर्रस व 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक व पीबीसी के बैनर ) के उपयोग को मध्यप्रदेष प्रदूशण नियंत्रण बोर्ड व कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।



# अंकुर अभियान के तहत आज से होगा पौधारोपण

1-3-22

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

अंकुर अभियान के तहत 1 मार्च से 5 मार्च तक जिले में शासकीय कार्यालय परिसरों, स्कूलों, आंगनवाड़ी परिसरों तथा अन्य खाली स्थानों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है। अंकुर अभियान में जिले में लगभग 77 हजार वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 1 मार्च को न्यू कलेक्ट्रेट परिसर के पीछे के हिस्से में लगभग 200 पौधे लगाए जाएंगे। सुबह 10 बजे अधिकारी एकत्र होकर पौधारोपण करेंगे। पौधारोपण वायुदूत ऐप पर अपलोड किया जाएगा। सोमवार को समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को पौधारोपण के संबंध में निर्देश दिए। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार शहर के लगभग 125 छोटे-बड़े बाग-बगीचों में 1 मार्च से 5 मार्च के अवधि में 10-10 पौधे लगाए जाएंगे।

## 21 सफाई मित्रों का एक दिन का वेतन काटा

रतलाम | बगैर सूचना और अनुमति के सफाई व्यवस्था की ड्यूटी से अनुपस्थित रहे 21 सफाई कर्मचारियों का एक दिन का वेतन कटेगा। पर्यवेक्षकों की चेकिंग रिपोर्ट में नाम सामने आने के बाद आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आदेश जारी कर दिए हैं। कार्रवाई जोन एक के 12, जोन दो के 4, जोन तीन के 3, जोन चार के 2 कर्मचारियों पर हुई है। वेतन काटने के साथ सभी को बर्खास्त करने नोटिस भी जारी किया गया है। 1-3-22

## रात्रिकालीन सफाई के 4 कर्मचारियों पर कार्रवाई

इसी प्रकार रात की सफाई से अनुपस्थित रहे 4 कर्मचारियों का भी एक दिन का वेतन काटा गया है। ये भी बिना सूचना और अनुमति के रविवार रात ड्यूटी पर नहीं आए थे। इनमें सतीश रामप्रसाद, अमन रमेश, गौरव राजेंद्र, राकेश रमेश शामिल है।

## आज से सरकारी परिसर, खाली जगहों पर लगाएंगे पौधे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

1-3-22

जिले में 1 से 5 मार्च तक पौधरोपण किया जाएगा। शासकीय कार्यालय, स्कूलों, आंगनवाड़ी परिसर तथा अन्य खाली स्थान पर पौधरोपण होगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अधिकारियों को पौधरोपण करने को कहा है।

अंकुर अभियान के तहत काम होगा, इसमें जिले में 77 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है। 1 मार्च को न्यू कलेक्टोरेट के पीछे के हिस्से में 200 पौधे लगाए जाएंगे। सुबह 10 बजे अधिकारी एकत्र होकर पौधारोपण करेंगे। पौधरोपण वायुदूत ऐप पर अपलोड किया जाएगा। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया शहर के 125 छोटे-बड़े बगीचों में 5 मार्च तक 10-10 पौधे लगाए जाएंगे।

## अमानक पालिथीन का उपयोग करने पर वसूला जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा अमानक पालिथीन का उपयोग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पटेल दूध भंडार रानीजी का मंदिर से 1000, सागर नमकीन रानीजी का मंदिर, श्रीराम प्लास्टिक, नाकोड़ा प्लास्टिक, सागर डिस्पोजल व श्रीजी डिस्पोजल नाहरपुरा से 500-500 रुपये का जुर्माना कर 100 माइक्रान से कम मोटाई की पालिथीन का विक्रय व उपयोग नहीं करने की समझाइश दी गई। 1-3-22

# श्रमिकों के लिए आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु शनिवार, रविवार को रतलाम शहर में कैंप आयोजित किए जाएंगे

1-3-22

रतलाम। आयुष्मान कार्ड का लाभ अधिकाधिक पात्र श्रमिक व्यक्तियों को मिले, इस उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा रतलाम शहर में आने वाले शनिवार तथा रविवार को कैंप आयोजित किए जाएंगे। कैंप आयोजन अलकापुरी क्षेत्र में किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सोमवार को संपन्न समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में एसडीएम शहर तथा निगम आयुक्त को निर्देशित किया गया। अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि अधिकारी उपस्थित थे। निर्देशानुसार अनाधिकृत कॉलोनियों में विकास कार्यों तथा नियमितीकरण की प्रक्रिया की समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को सर्वेक्षण करके सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। सभी नगर पालिका अधिकारियों को आगामी गुरुवार तक सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। बैठक में जीएमडीसी श्री मुकेश शर्मा ने बताया कि उद्यम क्रांति योजना का




**समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश**

व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वर्तमान में 100 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। उप संचालक उद्यानिकी श्री पी.एस. कनेल ने बताया कि एक जिला एक उत्पाद योजना में 10 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान में 27 फरवरी को 75 प्रतिशत से भी अधिक लक्ष्य पूर्ति की गई।

कलेक्टर द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में और तेजी लाई जाए। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कोई कमी नहीं रहे। सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को सक्रिय किया जाए, सभी एसडीएम को भी निर्देशित किया कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की साप्ताहिक की समीक्षा करें। बताया गया कि जावरा तथा पिपलोदा क्षेत्रों में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति बेहतर नहीं है। जिले में आगामी गेहूं उपार्जन की समीक्षा में जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी ने बताया कि अब तक 19742 किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर ने जिला उपार्जन समिति की बैठक आगामी बुधवार को आयोजित करने के निर्देश दिए।

## दशोत्तर, चौबे और भारतीय सेवानिवृत्त हुए



**रतलाम** | नगर निगम के प्रभारी कार्यपालन यंत्री अरविंद दशोत्तर सोमवार को 41 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। उनके साथ लोक निर्माण शाखा के सहायक यंत्री राकेश कुमार चौबे, विकास शाखा के भृत्य कैलाश भारतीय को फायर स्टेशन में हुए कार्यक्रम में विदाई दी। आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में तीनों सेवानिवृत्तों का साफा बांधकर, शॉल-श्रीफल और प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मान किया। उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, मो. हनीफ शेख, एमके जैन आदि मौजूद रहे।

## रिटायरमेंट पर किया सम्मान

1-3-22



**रतलाम** | नगर निगम के असिस्टेंट इंजीनियर राकेश चौबे रिटायर हुए। उन्हें नगर निगम परिवार ने विदाई दी। आयुक्त सोमनाथ झारिया, श्याम सोनी, हितेंद्र उपाध्याय सहित कर्मचारी मौजूद थे।